495/-

# नगर परिषद नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/07 से 3/2010

1 (क) प्रारम्भिकः—

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–376/81–फिन(एल0ए0) –खण्ड–IV दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद नालागढ़, जिला सोलन के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—

नगर परिषद नालागढ़ के लेखाओं अवधि 4/07 से 3/10 तक के अंकेक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0सं0 | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त सार | पैरा सं0 | राशि ₹ लाख |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुदान की राशि दिनांक 31.3.10 तक व्यय हेतु शेष | 5.1 | 144.39 |
| 2 | दुकानों के किराये की वसूली न करने बारे | 7 | 28.75 |
| 3 | प्लाटों के किराये की दिनांक 31.3.10 तक वसूली न करना | 7.1 | 3.20 |
| 4 | अग्रिम की राशि का दिनांक 31.3.10 तक समायोजन शेष | 8 | 3.52 |
| 5 | संशोधित वेतनमान में गलत वेतन निर्धारण के फलस्वरूप अधिक भुगतान | 26 | 0.23 |
| 6 | पैन्शन/ग्रेच्यूटी की राशि की अधिक कटौती बारे | 26.8 | 0.40 |
| 7 | हि0प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड को भुगतान बारे | 27 | 2.27 |
| 8 | डुप्लीकेट बिल के आधार पर भुगतान करने बारे | 32 | 0.11 |

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अव[illegible] के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण के परिशिष्ट "ज" पर दर्शाई गई [illegible] देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर परिषद द्वारा को[illegible] नहीं की जा रही है जो अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः परिषद इन लम्बित पै[illegible] विशेष अभियान/कार्यवाही सुनिश्चित करे व अनुपालना से यथा समय इस [illegible] करें ताकि अधिक से अधिक पैरों का निपटारण सम्भव हो सके।

2 **वर्तमान अंकेक्षण:–**

नगर परिषद नालागढ़ के लेखाओं अवधि 1.4.2007 से 31.3.2010 तक का वर्तमान अंकेक्षण श्री हरदेव सिंह शांडिल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 5.3.2011 से 29.7.2011 तक किया गया। विस्तृत लेखा परीक्षण के लिए आय के लेखाओं माह 3/08, 4/08, 3/10 व व्यय के लेखाओं माह 1/08, 4/08, 1/2010 का चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैरों में दर्शाया गया है। यह अंकेक्षण प्रतिवेदन कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है तथा किसी प्रकार की सूचना अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत न करने तथा गलत सूचना प्रस्तुत करने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उत्तरदायी नही होगा। लेखा परीक्षा विभाग का दायित्व केवल चयनित मांसों तक ही सीमित होगा।

3 **अंकेक्षण शुल्क:–**

परिषद के अवधि 1.4.07 से 31.3.10 तक के लेखाओं के अंकेक्षण करने का शुल्क ₹55200/– (₹पचपन हजार दो सौ केवल) बनता है। कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नालागढ़, हिमाचल प्रदेश की अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) के पत्र संख्या 1 दिनांक 29.7.11 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि को बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्र प्रेषित करने का अनुरोध किया गया।

4 **वित्तीय स्थिति:–**

(1) अंकेक्षण अवधि के दौरान परिषद की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी:–

परिषद के स्वस्त्रोतों से प्राप्त आय:–

| वर्ष | आरम्भिक शेष | वर्ष के दौरान प्राप्त आय | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2007–08 | 64,82,819.27 | 10882771.00 | 1,73,65,589.27 | 6936357 | 10429232.27 |
| 2008–09 | 1,04,29,232.27 | 10571026.00 | 2,10,00,258.27 | 7044136 | 13956122.27 |
| 2009–10 | 1,39,56,122,27 | 128037432.74 | 2,67,59,866.01 | 15840140 | 10919726.01 |

अनुदान से प्राप्त आय

| वर्ष | आरम्भिक शेष | वर्ष के दौरान प्राप्त आय | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2007–08 | 5308781 | 6280241 | 11589022 | 6356355 | 5232667 |
| 2008–09 | 5232667 | 18090188 | 23322855 | 8890188 | 14432667 |
| 2009–10 | 14432667 | 8410304 | 22842971 | 8428304 | 14414667 |

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.3.10 को परिषद के स्व: स्त्रोतों की आय का अन्तिम शेष | 10919726.01 |
| अनुदान राशि का अन्तिम शेष | 14414667 |
| योग | 2,63,34,393.01 |

498 –

वित्तीय स्थिति के अनुसार दिनॉक 31.3.2010 को अन्तिम शेष 2,53,34,393.01

(1) युको बैंक का दिनॉक 4.5.07 की आय का चैक संख्या 740410 जिसे भुनाया नहीं गया। (–) 4000.00

(2) व्यय चैक संख्या 08822383 दिनांक 11.7.07 की राशि कैश बुक में गलती से ₹24093 के स्थान पर ₹23,250 दर्ज की गई (–) 793

2,53,29,600.01

कैश बुक में दिनॉक 6.12.07 को आय को गलत योग के कारण बैंक में अधिक जमा राशि (+) 900

परिषद कर्मचारियो की अतिरिक्त मंहगाई भत्ते की राशि जिसका भुगतान निम्न चैक द्वारा किया गया परन्तु इस राशि को निम्न विवरणानुसार कैश बुक की आय मे जमा किया गया

| चैक संख्या | दिनांक | जी.8 संख्या जिस द्वारा कैश बुक में उक्त राशि जमा की गई | राशि |
|---|---|---|---|
| 0197703 | 5.7.07 | 16/181 दिनांक 7.11.07 | 69993 |
| 033474 | 7.10.08 | 16/195 दिनांक 8.10.08 | 122468 |
| 035322 | 20.1.09 | 96/205 दिनांक 21.1.09 | 108943 |
| | | | (–) 301404 |
| | | योग | 2,50,29,096.01 |

चैक संख्या 223235 दिनांक 15.6.09 की राशि कैश बुक में ₹79378 दर्ज की गई जबकि भुगतान बैंक द्वारा ₹89338/–का किया गया (79378–89338) (–) 9960.00

जोगिन्द्र सैन्ट्रल बैंक की जे0सी0सी0बी0/टी0डी0आर0 खाता संख्या 1620 (क्रम संख्या–110469) दिनांक 20.6.08 की परिपक्वता की तिथि 21.6.11 पर देय ब्याज को कैश बुक मे माह 6/2008 मे गलती से लिया गया (123897–82103) (–) 41794.'00

योग 2497734201

इलाहाबाद बैंक का चैक संख्या 034288 दिनांक 1.1.09 का जो कि कैश बुक मे ₹27180/–का दर्ज किया गया जबकि बैंक द्वारा भुगतान ₹23180/–का किया गया (27180–23180) (+)

बैंक मे दिनॉक 25.2.09 को कम जमा राशि (7770–7730) (–



धारा का संधारण रोकड़ बही तथा सम्बन्धित अभिलेख मे किया जाए।

1199 —

| | |
|---|---|
| बैंक में दिनांक 30.3.09 को कम जमा राशि (13934—13894) | (—) 40 |
| बैंक में दिनांक 2.1.09 को कम जमा राशि (30479—30469) | (—) 10 |
| दिनाक 31.3.2007 को पी0एल0ए0 खाते मे जमा राशि इलाहाबाद बैंक मे जी8 संख्या 43/247 दिनाक 22.2.10 द्वारा जमा किया गया | (—) 984.49 |
| दिनांक 31.3.10 को बैंक मे अधिक जमा राशि (गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 4 के अनुसार) | (+)24219.00 |
| योग | 2,50,04,486.52 |
| दिनांक 31.3.10 को कैश बुक मे जमा राशि | 25004486.52 |
| दिनाक 31.3.10 की आय जिसे बैंक मे 1.4.2010 को जमा किया गया | (—) 161064 |

जारी चैक जिनको 31.3.10 तक भुगतान हेतु बैंक मे प्रस्तुत

| चैक संख्या | दिनांक | राशि | |
|---|---|---|---|
| 040490 | 2.3.10 | 5634 | |
| 041703 | 19.3.10 | 9280 | |
| 041710 | 30.3.10 | 181430 | |
| 041714 | 31.3.10 | 50000 | |
| 040423 | 18.1.10 | 5560 | + 251844.00 |

| | |
|---|---|
| चैक संख्या 002472 दिनांक 15.3.10 आय जिसे 31.3.10 तक बैंक द्वारा भुगतान खाते में जमा नही किया गया | (—) 7388.00 |
| | 25087878.52 |

**बैंक में जमा का विवरण**

उपरोक्त ₹25087878.52 की राशि विभिन्न बचत खातों व सावधी जमा खातों में दिनांक 31.3.10 को निम्न विवरणानुसार जमा थी

(क) **बचत खातों में जमा राशि**

| बैंक का नाम | खाता संख्या | राशि |
|---|---|---|
| इलाहाबाद बैंक | 620 | 1929701.00 |
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 451865 | 97205.60 |
| पंजाब नैशनल बैंक | 130647 | 859483.73 |
| सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया | 8288 | 77183.00 |
| जी0सी0को0 बैंक | 11432 | 50370.00 |
| जी0सी0को0 बैंक | 515 | 359522.00 |
| यूको बैंक | 0006450 | 80239.74 |
| स्टेट बैंक ऑफ | 606029 | 14110.00 |



[illegible] का लेखांकन रोकड़ बही तथा सम्बन्धित अभिलेख में किया जाए।

| | | |
|---|---|---|
| पटियाला (ADB Branch) | | |
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला (IDSMT) | 452235 | 397109 |
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 01100050033 | 5475.30 |
| | | 3477261.52 |

(ख) सावधि खातों में जमा राशि का विवरण

| बैंक का नाम | खाता संख्या | राशि |
|---|---|---|
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 720 | 301034 |
| ओ०बी०सी० बैंक | 1620 (No. 33562) | 268488 |
| —यथोपरि— | 1620 (No. 110489) | 140957 |
| —यथोपरि— | 1620 (No. 033561) | 430038 |
| पी०एन०बी० | 6222 | 200053 |
| पी०एन०बी० | 6213 | 86614 |
| पी०एन०बी० | 140 | 1006287 |
| पी०एन०बी० | 104 | 594339 |
| पी०एन०बी० | 108 | 5333000 |
| पी०एन०बी० | 256 | 1099339 |
| इलाहाबाद बैंक | 7 | 1089951 |
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | (ADB-2672) | 2010712 |
| स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | (ADB-2571) | 9048205 |
| | योग | 2,16,10,617 |

(क) व (ख) का कुल योग 3477261.52 + 21610617 = 25087878.52

(2) कैश बुक में न योग किया जाना और न सत्यापित किया जाना।

(क) वर्ष 2005-06 व 2006-07 की कैश बुक में योग न किये जाने के कारण कैश बुक में 31.3.07 की बकाया राशि नहीं दर्शाई गई थी, इसलिए वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में दिनांक



राशि का लेखांकन रोकड़ बही तथा सम्बन्धित अभिलेख में किया जाए।

1.4.07 को कैश बुक का दिनांक 31.3.07 की अन्तिम शेष राशि न दर्शा कर बैंक खातों मे दिनांक 31.3.07 को अन्तिम शेष राशि को ही प्रारम्भिक शेष दर्शाया गया है जिसका विवरण इस अंकेक्षण के परिशिष्ट "क" में दिया गया है।

**(ख) रोकड़ वही को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित न करना:-**

हिमाचल म्यूनिसिपल अकाऊंट कोड–1975 के अध्याय–III के नियम 19 (3) के अनुसार कैश बुक को अध्यक्ष, नगर परिषद द्वारा प्रत्येक माह के अन्त में हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है जबकि कैश बुक को अध्यक्ष से सत्यापित नहीं करवाया गया था जो कि अनियमित है भविष्य मे कैश बुक को अध्यक्ष से सत्यापित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(ग) कैश बुक में अनेक ओवर–राईटिंग/कटिंग की गई है। इस प्रकार की गई कटिंग/ओवर राईटिंग को सक्षम अधिकारी से सत्यापित नही कराया गया था जो कि नियमों के प्रतिकूल है भविष्य में रोकड़ वही में कटिंग व अधिलेखन न किया जाए।

(घ) कैश बुक मे कही योग अधिक तो कही कम किये गये है तथा कैश बुक का नियमित रूप से बैंक से मिलान नहीं किया गया था जिस कारण निम्न विवरणानुसार बैंक खातों मे राशि ₹95/–कम जमा किये गये जिसे शीघ्र बैंक में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत किया जाए।

| दिनांक | कैश बुक में प्राप्त राशि | बैंक में जमा राशि | कम जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 17.1.08 | 2356 | 2351 | 5 |
| 2.1.09 | 30479 | 30469 | 10 |
| 25.2.09 | 7770 | 7730 | 40 |
| 20.3.09 | 13934 | 13894 | 40 |
| | | योग | 95 |

**(ङ) कैश बुक में वाऊचरों द्वारा भुगतान की गई राशियों की सही प्रविष्टि न किया जाना:-**

लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि वाऊचरों द्वारा भुगतान की गई राशियॉं कैश बुक मे वाऊचर वार सही दर्ज नही की गई थी और न वाऊचरो के योग सही किये गये थे जो कि अनियमित है जिस का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इस प्रकार के कुछ प्रकरण निम्न प्रकार से है:-

| दिनांक | वाऊचरों का वास्तविक योग | वाऊचर का कैश बुक मे दर्शाया गया योग व बैंक द्वारा भुगतान की गई राशि | अन्तर |
|---|---|---|---|
| 1.8.08 | 507284 | 506784 | 500 |
| 1.12.08 | 578833 | 578708 | 125 |
| | | | 625 |



राशि का लेखांकन रोकड़ वही तथा सम्बन्धित ...

5 अनुदान:—

नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुदान राशियों व उनसे किए गए व्यय का विवरण परिशिष्ट "ख" में दिया गया है।

### 5 (1) अनुदान की राशि ₹144.39 लाख दिनांक 31.3.10 तक व्यय हेतु शेष:—

दिनांक 31.3.10 तक अनुदान राशि ₹14438886/— व्यय हेतु शेष थी। इस राशि का अनुदान बार ब्यौरा परिशिष्ट "ख" में दिया गया है। परिषद इस राशि का व्यय अनुदान उपयोगिता समय बढ़ौत्तरी की स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त निर्धारित उद्देश्यों के लिए करें। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

6 निवेश:—

अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न सावधी खातों में निवेश की गई राशियों का विवरण परिशिष्ट "ग" में दिया गया है।

इन सावधि खातों के रख—रखाव मे निम्न आपत्तियॉं पाई गई जिनका समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

6.1 सावधी खातों के रख—रखाव का रजिस्टर अंकेक्षण के दौरान ही तैयार किया गया जबकि इस रजिस्टर मे नियमित रूप से सावधि खातों में निवेशित राशि, परिपक्वता की तिथि व प्राप्त ब्याज का विवरण दिया जाना अपेक्षित है ताकि सावधि खातों के रख—रखाव में अनियमितता की सम्भावना न रहे। भविष्य में सावधि खातों के निवेश रजिस्टर में निवेशित राशि, निवेश के समय ही दर्ज की जाए तथा समय—2 पर प्राप्त ब्याज की प्रविष्टि भी इस रजिस्टर में ब्याज प्राप्ति की तिथि को ही की जानी सुनिश्चित की जाए। परिपक्वता पर प्राप्त राशि का ब्याज सहित पूर्ण विवरण रजिस्टर में दिया जाए ताकि सावधि खातों के रख—रखाव में किसी प्रकार की अनियमितता की सम्भावना न रहे।

6.2 पंजाब नैशनल बैंक के बचत खाता संख्या 2721000—00130647 में सावधि खाता संख्या 272100 PS 0000168 (परिशिष्ट "ग" क्रम संख्या 21) में माह 4/2007 मे ₹53,33000/— की राशि निवेश की गई थी, परन्तु नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सावधि खातों की सूचना परिशिष्ट "ग" के अनुसार अवधि 4/07 से 3/10 तक उपरोक्त सावधि खाते के विरूद्ध कोई भी ब्याज की राशि प्राप्त नही हुई। इस सम्बन्ध में नगर परिषद द्वारा बैंक के साथ कोई भी पत्राचार नही किया गया। इतनी अधिक राशि पर पिछले 4 वर्षो से कोई ब्याज प्राप्त न होना तथा इस सम्बन्ध मे नगर परिषद द्वारा बैंक से कोई भी पत्राचार न किया जाना, एक गम्भीर अनियमितता है। अतः यह मामला बैंक के साथ उठाया जाऐ तथा ब्याज की राशि का लेखांकन रोकड़ बही तथा सम्बन्धित अभिलेख में किया जाए।

6.3 परिशिष्ट "ग" की क्रम सख्या 1 पर दर्शाए गये स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के खाता संख्या 55123513754 पर प्राप्त ब्याज ₹15097, ₹18279 व ₹15651 की राशि की पुष्टि बैंक द्वारा दिनांक 27.4.11 को जारी प्रमाण पत्र के आधार पर की गई क्योंकि सावधि खातों की परिपक्वता पर ब्याज को न निवेश रजिस्टर व न अन्य किसी अभिलेख में दर्ज किया गया था। अतः भविष्य मे प्रत्येक सावधि खाते की परिपक्वता पर प्राप्त ब्याज को सम्बन्धित अभिलेख में दर्ज किया जाए ताकि सावधि खाते के रख–रखाव में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

7 आयः–

## दुकानों के किराये की राशि ₹28.75 लाख की वसूली न किया जानाः–

लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.3.2010 तक दुकानें के किराये की राशि ₹2874647/–वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण परिशिष्ट "घ" में दिया गया। इस राशि की वसूली न किया जाना एक गम्भीर अनियमितता है। अतः इस राशि की वसूली हेतु तुरन्त अपेक्षित कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना अंकेक्षण को शीघ्र अवगत किया जाऐ।

## 7.1 प्लाटों के किराये राशि ₹3.20 लाख की दिनांक 31.3.10 तक वसूली न किया जानाः–

नगर परिषद द्वारा आवंटित प्लाटों के किराये राशि ₹3,19,771/– दिनांक 31.3.10 को वसूली हेतु शेष थी जिस का विवरण परिशिष्ट "ड" में दिया गया है। अतः इस राशि की वसूली हेतु तुरन्त अपेक्षित कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाऐ तथा अनुपालना से अंकेक्षण को शीघ्र अवगत करें।

## 7.2 गृह करः–

अधियाचना संख्या शून्य दिनांक 28.6.2011 द्वारा कार्यकारी अधिकारी से गृहकर के निर्धारण से सम्बन्धित व अंकेक्षण अवधि के गृह कर मॉग प्राप्ति व बकाया राशि की सूचना उपलब्ध करने का अनुरोध किया गया परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अभिलेख उपलब्ध नहीं करवाया गया जिसके परिणामस्वरूप गृह कर की अंकेक्षण अवधि की मॉग, वसूली व बकाया गृह कर की राशि की पुष्टि नही हुई जिसका कारण गृह कर से सम्बन्धित अभिलेखों का अनुरक्षण न किया जाना है। अतः यह प्रकरण उच्च अधिकारियों के ध्यान मे आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

7.3 बिजली शुल्कः—

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एल0एस0जी0-(डी) (1)-9/94 दिनांक 24.6.2000 के अनुसार परिषद क्षेत्र में खर्च होने वाली बिजली पर एक पैसा प्रति यूनिट की दर से वर्ष 2007-08 व 2008-09 के ₹209258.00 वसूले गये जिसका विवरण परिशिष्ट "च" में दिया गया है। वर्ष 2009-10 के बिजली शुल्क की वसूली नहीं की गई है जिसकी वसूली हेतु यह मामला बिजली बोर्ड से शीघ्र उठाया जाए।

## 7.4 शराब शुल्क की वसूली बारेः—

नगर परिषद के क्षेत्र मे बिकने वाली शराब पर वर्ष 2007-08, 2008-09 व 2009-10 के दौरान शराब शुल्क की ₹519793 की राशि प्राप्त हुई जिसका विवरण परिशिष्ट "च" में दिया गया है।

## 7.5 मोबाईल टावर शुल्क की वसूली बारेः—

हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या DIT-Dev-IT-2005 (Misc) दिनांक 22.8.06 अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने हेतु ₹10,000/-स्थापना शुल्क तथा ₹5000/-वार्षिक नवीनीकरण शुल्क निर्धारित किया गया। अधियाचना संख्या 1, दिनांक 18.7.11 द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान स्थापित मोबाईल टावर व प्राप्त वार्षिक शुल्क का विवरण उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त विवरण उपलब्ध नहीं किया गया। अतः विवरण उपलब्ध न करवाने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए।

## 7.6.1 शौचालय के किराये की राशि ₹1680/-को कैश बुक में जमा न करने बारेः—

बस स्टैंड नालागढ़ के शौचालय को निम्न विवरणानुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान एक वर्ष के लिए ठेके पर दिया गयाः—

| वर्ष | ठेकेदार का नाम जिसे ठेके पर दिया गया | प्रतिदिन का किराया |
|---|---|---|
| 2007-08 | श्री सुनील | 280 |
| 2008-09 | श्री सुनील | 280 |
| 2009-10 | श्री अनिल | 400 |

शौचालय की आय के रजिस्टर के अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न तिथियों को शौचालय किराये राशि ₹1680 को जमा नही किया गया जिसे शीघ्र कैश बुक मे जमा किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करें।

505 —

| दिनांक | राशि जो जमा नहीं की गई |
|---|---|
| 19.8.07 | 280 |
| 20.8.07 | 280 |
| 21.8.07 | 280 |
| 22.8.07 | 280 |
| 15.9.07 | 280 |
| 31.7.08 | 280 |
| **योग** | **1680** |

7.6.2 अवधि 1.9.08 से 31.3.10 तक की शौचालय की दैनिक आय को रजिस्टर में दर्ज न करके सीधे ही कैश बुक में जमा जमा किया गया था जो कि अनियमित है। भविष्य में शौचालय की दैनिक आय को शौचालय आय रजिस्टर में दर्ज करने के उपरान्त कैश बुक में जमा किया जाए ताकि आय में किसी प्रकार की अनियमितता की सम्भावना न रहे।

## 7.7 बस अड्डे की नीलामी से प्राप्त आय की राशि ₹2500/–की कम वसूली बारे:–

बस अड्डे के नीलामी मॉग एवं संग्रह रजिस्टर के अनुसार, बस अड्डे का वर्ष 2007–08 का ठेका श्री सुनील कुमार को दिनॉक 18.4.07 से 31.3.08 तक ₹9,01,000/–मे दिया गया। दिनॉक 18.4.07 से 30.4.2007 तक के ठेके के 13 दिनों में स्थान पर (9,01,000÷12) (75083÷30)x12=₹30036 जमा किये गये जबकि राशि ₹32536/– जमा किये जाने अपक्षित थे। अतः 32536–30036=₹2500/–को शीघ्र कैश बुक में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत किया जाए।

## 7.8 राशि ₹1000/–की कम वसूली बारे:–

रसीद संख्या 77/250, दिनांक 20.3.2010 द्वारा श्री हरीश कुमार बसी से किराये के ₹4147/–वसूले जाने थे, परन्तु सही योग न करने के कारण ₹3147/–वसूले गये। अतः कम वसूले गये (4147–3147)=₹1000/–की राशि को शीघ्र कैश बुक मे जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाऐ तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करें।

## 7.9 किराये की राशि ₹1884/–की कम वसूली बारे:–

किराये के मॉग एवं संग्रह रजिस्टर के अंकेक्षण मे पाया गया कि दुकान संख्या 101 जो श्री प्रीतम सिंह सुपुत्र गोविन्द सिंह के नाम आवंटित थी, परन्तु वर्ष 2007–08 मे उक्त
जो श्री प्रीतम सिंह सुपुत्र गोविन्द सिंह के नाम आवंटित थी, परन्तु वर्ष 2007–08 मे उक्त दुकान बुध राम सुपुत्र माडू राम को आवंटित कर दी गई जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

उपरोक्त दुकान का वर्ष 2007–08 का किराया ₹787/–प्रति माह की दर से (787x12)=₹9444/– व गत वर्ष का बकाया किराया ₹13406/–सहित कुल वार्षिक किराया मॉग ₹22850/–बनती है जबकि कुल किराया, मॉग किराया एवं संग्रह रजिस्टर में (7560+13406)=₹20966/– दर्शाई गई थी जिस कारण (22850–20966)=₹1884/–के किराये की कम वसूली हुई। अतः इस राशि की वसूली शीघ्र की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.11 स्लाटर हाऊस की टिकट बुक में टिकटों की संख्या क्रम वार प्रिंट न करवाया जाना:–

स्लाटर हाऊस की टिकट बुक संख्या 46 जो कि 17.4.08 से 23.5.08 तक उपयोग की गई थी, के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि 2 रसीदे क्रम बार प्रिंट करने के उपरान्त 2 रसीदें छोड़ कर आगामी क्रम संख्या की रसीदें प्रिंट की गई थी, उदाहरणार्थ टिकट बुक में 1, 2 क्रम संख्या की रसीदें प्रिंट न करके 3, 4 क्रम संख्या की रसीदें प्रिंट की गई थी तथा 5–6, 9–10, 13–14, 17 व 21–22, 25–26, 29–30 इत्यादि क्रम संख्या की रसीदें प्रिंट नहीं की गई थी। उक्त टिकट बुक में 1 से 100 तक की क्रम संख्या को पैन द्वारा कटिंग/ओवर राईटिंग द्वारा लिखा गया था तथा इसे किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था और न ही टिकट बुक में उपलब्ध टिकट संख्या से सम्बन्धित प्रमाण दिया गया था जो कि अनियमित है तथा इस प्रकार आय में अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। भविष्य में प्रत्येक टिकट बुक में टिकट जारी करने से पूर्व टिकट बुक मे उपलब्ध टिकटों की संख्या से सम्बन्धित प्रमाण पत्र दिया जाना सुनिश्चित किया जाऐ तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8 अग्रिम की राशि ₹3.52 लाख का दिनांक 31.3.10 तक समायोजन शेष:–

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार दिनॉक 31.3.2010 तक ₹3,51,757/–के अग्रिम समायोजन हेतु शेष थे। इतनी अधिक मात्रा के अग्रिमों का समायोजन न किया जाना नियमों के विपरीत है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए। समायोजन हेतु ठोस कार्यवाई करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाऐ। इन अग्रिमों का विवरण परिशिष्ट "छ" में दर्शाया गया है।

.1 नियमानुसार समय–2 पर परिषद द्वारा भुगतान किये गये अग्रधन के लिए एक अग्रिम रजिस्टर का रख–रखाव किया जाना अनिवार्य है, परन्तु परिषद द्वारा अग्रधन के रजिस्टर का रख रखाव उचित ढंग से नही किया गया इस रजिस्टर में भुगतान किये गये समस्त अग्रधन दर्ज किये जाऐ तथा इनके विरूद्ध समायोजित अग्रधन की राशि का वाऊचर संख्या व शेष राशि

जिस रसीद द्वारा कैश बुक में जमा किया गया हो का पूर्ण विवरण दिया जाऐ ताकि अग्रघन के समायोजन में किसी प्रकार की अनियमितता की सम्भावना न रहे।

## 9 मजदूरों को मस्ट्रोल द्वारा भुगतान किये जाने बारेः–

निम्न विवरणानुसार चयनित माह में रास्तों व नालियों को बनाने व रिपेयर के कार्य के लिए मजदूरों को मस्ट्रोल द्वारा भुगतान किया गयाः–

| क्र0सं0 | वा0सं0 | माह | अवधि | कार्य का विवरण | जितनें मजदूर को भुगतान किया गया | कुल दिन | दर | भुगतान की गई राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28 | 1/08 | 1.12.07 से 31.12.07 | Repair of path with bituman in both bazar roods and park rood | 5 मजदूर | 151x75 | | 11325 | |
| 2 | 37 | 4/08 | 1.3.08 से 31.3.08 | Re- constriction of street in ward No. 8 | 1 मिस्त्री<br>4 मजदूर | 29x127<br>(4x27)x100 | | 3683<br>10800 | |
| 3 | 24 | 5/88 | 1.4.08 से 30.4.08 | Repairing of drain & constriction of street in ward No. 8 Nalagarh | 1 मिस्त्री<br>5 मजदूर | 30x127<br>(5x30)x100 | | 3810<br>15000 | 18810 |

उपरोक्त मस्ट्रोल के भुगतान में निम्न अनियमितताऐं पाई गई जिसका शीघ्र समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाऐ।

उपरोक्त किये गये कार्य की प्रगति (Progress) को न M.B. व अन्य किसी अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया जिससे इन कार्यों के लिए जारी की गई तारकोल, सीमेन्ट, रेत व बजरी इत्यादि के उपयोग की जाच नही की जा सकी। अतः परिषद उपरोक्त निर्माण कार्यों में करवाई गई मदों का विस्तृत विवरण मापन पुस्तिका में दर्ज करने के साथ–2 सामान के उपयोग का विवरण भी तैयार करना सुनिश्चित करें।

9.1 उपरोक्त मस्ट्रोल में दर्शाये गये कार्य "Repair of path with Bitumen" "Re-constriction of street" Repairing of drain & re- constriction of street in ward No. 8" के कार्यों का निष्पादन वार्ड नं0 8 में किस स्थान व गली में किया गया का विवरण न तो मस्ट्रोल व न ही अन्य किसी अभिलेख में दिया गया। इस प्रकार मस्ट्रोलों द्वारा करवाये गये कार्य वार्ड में किस

स्थान पर वास्तव में करवाये गये या केवल मस्ट्रोल द्वारा भुगतान ही दर्शाया गया, की पुष्टि अभिलेख से नहीं होती है। यह भुगतान सन्दिग्ध प्रतीत होते हैं। अतः जारी मस्ट्रोलों पर कार्य का पूर्ण विवरण दर्ज न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में मस्ट्रोलों पर कार्य का पूर्ण विवरण दर्शाना सुनिश्चित किया जाए।

9.2 मजदूरों द्वारा मस्ट्रोल में वेतन प्राप्ति के लिए लगाये गये अगूंठे के निशान को सक्षम अधिकारी से सत्यापित नही करवाया गया। उदाहरणार्थ क्रम संख्या 3 पर दर्शाए गये कार्य के लिए 3 मजदूरों द्वारा भुगतान प्राप्ति के लिए अंगूठा लगाया गया मस्ट्रोल में मजदूरों की आयु व पत्ता नहीं लिखा गया था जिससे मजदूरों को किये गये भुगतानों में अनियमितता की आंशका से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

9.3 मस्ट्रोल के कार्य करवाने से पूर्व कार्य का अनुमान तैयार नही किया गया था जबकि नियमानुसार कार्य का अनुमान निगम अभियन्ता से पारित करवाया जाना आवश्यक है।

9.4 **मस्ट्रोल के भाग II व III को पूर्ण नहीं किया गया था जबकि नियमानुसार इसे पूर्ण किया जाना आवश्यक है।**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/98 से 3/2007 के विभिन्न पैरों द्वारा भी मस्ट्रोलों द्वारा किये गये कार्यो मे निर्माण सामग्री के प्रयोग व खपत तथा मस्ट्रोलों द्वारा मजदूरों को किये गये भुगतानों में लाखों रूपये की अनेक गम्भीर अनियमितताओं का वर्णन किया गया परन्तु विभाग द्वारा इन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिन में से कुछ का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| पैरा सं0 | राशि |
|---|---|
| 7 (ix) | 1589123 |
| 7 (xi) | 195008 |
| 7 (xiii) | 58876 |
| योग | 1843007 |

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों व अनियमितताओं के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों से अनुरोध है वर्तमान अंकेक्षण अवधि के चयनित माहों के अतिरिक्त समस्त माहों में मस्ट्रोल द्वारा करवाये गये कार्य व इनमें प्रयोग की गई निर्माण सामग्री की खपत व मस्ट्रोलों के भुगतानों की विस्तृत जाँच विभागीय स्तर पर करवाई जाए तथा वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10 तारकोल का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण में प्रस्तुत न किये जाने बारेः—

बार–2 मौखिक अनुरोध व लेखा परीक्षा अधियाचना संख्या 1 दिनांक 15.6.11 द्वारा तारकोल का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु नगर परिषद से अनुरोध किया गया,

परन्तु इसके बावजूद तारकोल का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि अत्यन्त आपत्तिजनक है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

11 **तारकोल के खाली ड्रमो का विवरण अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे:-**

लेखा परीक्षा अधियाचना संख्या 2, दिनॉक 15.6.11 व संख्या 1, दिनांक 28.6.11 द्वारा तारकोल के खाली ड्रमो की सूचना निम्न प्रपत्र पर प्रस्तुत करने हेतु नगर परिषद से अनुरोध किया गया परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त सूचना अकेक्षण को उपलब्ध नहीं की गई जिस का स्पष्टीकरण दिया जाए तथा अपेक्षित सूचना आगामी अंकेक्षण के दौरान उपलब्ध करवाई जाए।

12 **डम्बल टाईलों को लगाने के कार्य में पाई गई अनियमितताऐ:-**

निम्न विवरणानुसार नगर परिषद क्षेत्र में डम्बल टाईलों को लगाने के लिए श्री राजेश कुमार, ठेकेदार को निम्न विवरणानुसार भुगतान किया गया।

| वा0सं0 | माह | किये गये कार्य का विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| 61/08 | 4/08 | प्रोवाईडिंग व लेईंग डम्बल टाईल इन वार्ड नं0 2 | 22577 |
| 62/08 | 4/08 | प्रोवाईडिग एड लेईंग इन्टर लोकिग टाईल इन सिटन चौक वार्ड नं0 1 व 6 | 21591 |
| 63/08 | 4/08 | प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग डम्बल टाईल इन वार्ड नं0 3 | 15065 |

उपरोक्त डम्बल टाईलों को लगाने के कार्य के लिए किये गये भुगतानों का मद बार विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Name of items | Name of work<br>Prov. & Laying Damble tiles in ward No. (2) Nalagarh | Prov. and fixcing inter Locking tiles shittan mata chowk | Prov. & fixcing damble tiles in ward No. 3 |
|---|---|---|---|
| (1) Laying of 40mm nominal size stone aggregate dry Laid in down portion of chowk bed by labour qty. 12.80 cum @ ₹135 per cum | 12.80x135<br>1728 | 12.80x135<br>1728 | 6.43 Cumx135<br>868 |
| (2) Laying cement cincrete tiles tendion king Damble Pover tiles 60,, thick size over 50mm thick sand of appoved design and shad as per instuction qty. | 18761 | tiles inter Lockindg Pover damble tiles 80mm thick | do 60mmsize over 50mm ------ |

510—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 536.03 Sqm @ ₹35/- Sqm | | course sand of approved design over 50mm thick | 364.75x35=12767 |
| (3) Laying cement concrete 1:2:4 with 20mm nominal size of stone aggregate and curring complete excluding the cost of form is re-inforcement qty 6.691 cum @ ₹300 | 2088 | 7.76 cumx300 =2328 | 4.767x300=1430 |
| (4) Laying of cement mortor over tiles flooring work for rooking out laiuts etc. qty 536 Sqm | | 501Sqm | 364.76Sqm |
| | **22577** | **21591** | **15065** |

उक्त कार्य के अंकेक्षण के दौरान निम्न अनियमितताऐं पाई गईः–

12.1 इन कार्यो के अनुमान, टैण्डर नस्ति/निविदाऐं तथा M.B. को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु मौखिक रूप से बार–2 अनुरोध करने के अतिरिक्त अधियाचना संख्या 1 दिनॉक 6.7.11 द्वारा भी आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक उपरोक्त अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, इस प्रकार अंकेक्षण के दौरान अभिलेख प्रस्तुत न किया जाना एक गम्भीर अनियमितता है। अतः यह प्रकरण उच्चाधिकारियो के ध्यान में आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है ताकि भविष्य में उक्त अनियमितता को रोका जा सके।

12.2 नगर परिषद मे कनिष्ठ अभियन्ता की नियमित तैनाती के वावजूद उपरोक्त कार्य को न तो M.B. में दर्ज किया गया और नही बिल को निगम अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा सत्यापित किया गया है जिससे इन कार्यो में खपत दर्शाई गई टाईलों, सीमेन्ट व रेत इत्यादि में अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः उक्त कार्य कनिष्ठ अभियन्ता से न करवाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

12.3 प्रोवाईडिंग एण्ड लेईंग डम्बल टाईलो वार्ड नं0 1 व प्रोवाईडिंग एंड लेईंग डम्बल टाईल इन रिटन चौक दो अलग–2 कार्य है। इन दोनों कार्यो को एक ही ठेकेदार द्वारा एक ही समय पर अलग–2 स्थानो पर करवाया गया परन्तु इन दोनों कार्यो की मद संख्या (Item No. 1 "Laying of 40mm Nomined size stone aggregate dry Laid in down Portion of chowk bed by Labour") की मात्रा 12.80 cum दोनों कार्यो में एक समान दर्शाई गई है जो कि किसी भी प्रकार से सम्भव नही है। अतः यह कार्य वास्तव मे करवाया ही नहीं गया प्रतीत होता है तथा इसका भुगतान/प्रतीत होता है। अतः प्रकरण की विभागीय जॉच की जाए तथा जांच के परिणामो से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

12.4 उपरोक्त तीनों कार्यों में स्टॉक रजिस्टर के अनुसार (45+50+30)=125 बैग सीमेन्ट की खपत दर्शाई गई है परन्तु उपरोक्त कार्यों की मात्राओं को M.B. में दर्ज नही किया गया जिसके अभाव में सीमेन्ट की खपत की जॉच नहीं की जा सकी। अतः निष्पादित कार्य मदों की प्रविष्टियों को मापन पुस्तिका में दर्ज करवाया जाए तदानुसार जारी किए गए सीमेन्ट के उपयोग का औचित्य स्पष्ट किया जाए। अतः यह मामला उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है ताकि इस प्रकार की अनियमितता पर पूर्ण रोक लगाई जा सकें।

## 13 निर्माण सामग्री के क्रय में पाई गई अनियमितताऐं:–

निम्न विवरणानुसार सामग्री की आपूर्ति हेतु श्रीमति सुविन्दर कौंर व श्री यशवन्त सिंह कान्ट्रेक्टर को ₹205320/–का भुगतान किया गया।

| ठेकेदार का नाम | वा0सं0 | माह | क्रय का विवरण | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रीमति सुविन्दर कौंर | 50/08 | 1/08 | रेता | 55.25 $m^3$ | 350 Per cum | 19337 |
| | | | ईंटे | 6000 | 2400 प्रति 1000 | 14400 |
| | | | बजरी | 60.32 Per cum | 530 प्रति cum | 31970 |
| मै0 यशवन्त सिंह चौकी वाला | 28/08 | 4/08 | स्टोन डस्ट | 1350 Feet | 6 प्रति फुट | 8100 |
| | | | रिवर सैण्ड | 1500 Feet | 9 प्रति फुट | 13500 |
| | 29/08 | 4/08 | स्टोन डस्ट | 2000 Feet | 6 प्रति फुट | 12000 |
| | | | रीवर सैड | 2000 Feet | 9 प्रति फुट | 1800 |
| | | | गटका | 500 Feet | 8 प्रति फुट | 4000 |
| | | | | | योग | 105107 |
| श्रीमति सुविन्दर कौंर | 50/08 | 4/08 | रेता | 80.75 $m^3$ | 350 प्रति cum | 28262 |
| | | | 20mmबजरी | 67.75 $m^3$ | 530 प्रति cum | 35907 |
| | | | 40mmबजरी | 4.25 $m^3$ | 475 प्रति cum | 2019 |
| | | | कट स्टोन | 1100 | 4.25 प्रति स्टोन | 5225 (अधिक भुगतान ₹550) |
| | | | ईंटे | 12000 | 3400 प्रति 1000 | 28800 |
| | | | | | योग | 100213 |

उपरोक्त निर्माण सामग्री के बिलों के अंकेक्षण के दौरान निम्न अनियमितताए पाई गई जिनका शीघ्र समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाऐ।

क्रम संख्या 1 पर दर्शाया गया बिल सम्बन्धित अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

13.1 उपरोक्त क्रय की गई निर्माण सामग्री के बिल को नं0 M.B. में दर्ज किया गया और न ही जिन कार्यों के विरूद्ध उक्त निर्माण सामग्री का प्रयोग/खपत दर्शाई गई, उन कार्यो को M.B. में दर्ज किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्यों को M.B. में दर्ज न किया जाने से इन कार्यों में कितनी निर्माण सामग्री प्रयोग की जानी थी का आंकलन अंकेक्षण के दौरान नहीं किया जा सका। अतः उच्चाधिकारियों से अनुरोध है कि चयनित मासों के अतिरिक्त अन्य मासो के दौरान क्रय की गई समस्त निर्माण सामग्री जिन–2 निर्माण कार्यो मे प्रयोग की गई उन्हें M.B. मे दर्ज करवाया जाये। तदोपरान्त उन कार्यो के विरूद्ध दर्शाई गई खपत की जांच विभागीय स्तर पर की जानी सुनिश्चित की जाऐ। जांच के परिणामों से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

13.2 क्रम संख्या 1 पर दर्शाए गये वाउचर संख्या 50/08, माह 1/08 के दौरान श्रीमति सुरेन्द्र कौर को उनके बिल संख्या शून्य, दिनॉक 20.8.07 के द्वारा 4.25 $m^3$ रेत के लिए ₹350/– Per cum की दर से ₹1487.50/–का भुगतान किया गया। क्रय किये गये रेत को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया जिससे यह प्रतीत होता है कि रेत वास्तव में प्राप्त नहीं किया गया केवल बिल ही प्राप्त किया गया है। अतः इस बारे तथ्यो सहित पूर्ण स्पष्टीकरण दिया जाए। ₹1487.50/–की राशि की वसूली शीघ्र सम्बन्धित कर्मचारी से की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

13.3 क्रम संख्या 4 (वाऊचर संख्या 50/08) द्वारा 1100 कट स्टोन के लिए ₹5.25/–प्रति स्टोन की दर से ₹4675/–का भुगतान किया जाना अपेक्षित था जबकि भुगतान ₹5225/– अतः ₹550/–का अधिक का किया गया। अतः उक्त ₹550/–की वसूली के उपरान्त रोकड़ वही में दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 14 टाईलों की खरीद पर ₹266056/–के भुगतान बारेः–

निम्न विवरणानुसार मै0 गोविन्द साहिब इन्टरप्राईजिज चौकीवाला नालागढ़ रोपड़ रोड़ को डम्बल टाईलों की खरीद हेतु ₹266056/–का भुगतान किया गया।

| वा0स0 | माह | क्रय का विवरण | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 28/08 | 4/08 | डम्बल टाईलों की खरीद (80 mm) | 13075 | 6 प्रति टाईल | 78450 |
| | | | | 12.5 VAT | 9806 |
| 29/08 | 4/08 | –यथोपरि– | 19800 | 8 प्रति टाईल | 158000 |
| | | | | VAT | 19800 |
| | | | | योग | 266056 |

उपरोक्त टाईलों के बिल को न तो कनिष्ठ अभियन्ता से सत्यापित करवाया गया था और न ही इन टाईलों के बिल को M.B. में दर्ज किया गया था जबकि नियमानुसार निर्माण कार्य से सम्बन्धित बिलों को कनिष्ठ/निगम अभियन्ता से सत्यापित करवाया जाना अनिवार्य है। अतः इन बिलों को सक्षम अधिकारी से सत्यापित न करवाने व मापन पुस्तिका में दर्ज न करने के कारणो का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

14.1 निविदाऐ डाक व समाचार पत्र के माध्यम से आमन्त्रित न कर के "Notice Board" पर लगाई गई सूचना के द्वारा मंगवाई गई जो कि नियमों के विपरीत है। जिसके कारण न्यूनतम दरों का लाभ नहीं उठाया गया। अतः परिषद निविदाओं को उचित माध्यम से आमन्त्रित न करने बारे स्थिति स्पष्ट करे। भविष्य में नियमानुसार निविदाओं को आमन्त्रित करना सुनिश्चित किया जाए।

## 15 सीमेन्ट के क्रय बारे:—

वाऊचर संख्या 68/07, माह 4/08 द्वारा एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 नालागढ़ को चैक सख्या 03234 दिनाक 21.4.08 राशि ₹96800/—का भुगतान 400 बैग सीमेन्ट की खरीद हेतु किया गया परन्तु इस भुगतान की रसीद अभिलेख में उपलब्ध नहीं है। उक्त सीमेन्ट कब और कितने बैग प्राप्त हुए इससे सम्बन्धित अभिलेख उक्त वाउचर के साथ संलग्न नहीं किया गया था जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

15.1 उपरोक्त बिल के साथ संलग्न की गई दिनांक 25.4.08 की टिप्पणी Noting Sheet में यह दर्शाया गया था कि मार्च 2008 में 400 बैग सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु ₹230/—प्रति बैग की दर से हिमाचल प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई को0 को चैक द्वारा ₹92000/—का भुगतान किया गया था परन्तु सीमेन्ट की दर में वृद्धि ₹230 से ₹242 प्रति बैग होने के कारण 380 बैग सीमेन्ट प्राप्त हुए उपरोक्त Noting Sheet के साथ संलग्न की गई एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 नालागढ के Vat-XVIII Tax invoice के क्रम सख्या 0288591 दिनांक 14.3.08 द्वारा 380 बैग सीमेन्ट दर ₹242/—प्रति बैग से ₹91960/—दर्शाया गया था तथा इस बिल में दर्शाए गए 380 बैग सीमेन्ट को स्टॉक रजिस्टर में निम्न विवरणानुसार दर्ज किया गया था।

एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 से दिनांक 12.2.08 को उधार लिए गये (–)100 बैग सीमेन्ट बैग लौटाए गये

एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 का दिनांक 7.3.08 बिल संख्या 0113027 200 बैग (जी0आर0स0 000330762 दिनांक 6.3.08) द्वारा प्राप्त सीमेन्ट

514 —

उक्त एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 के VAT-XVIII TAX invoice की 180 बैग
क्रम संख्या 0288591 दिनांक 14.3.08 द्वारा प्राप्त सीमेन्ट

कुल प्राप्त सीमेन्ट 280 बैग

उपरोक्त बिल के अंकेक्षण के दौरान निम्न अनियमितताएं पाई गईः–

15.1.1 क्रम संख्या एक पर एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 से उधार लिए गए 100 बैग सीमेन्ट किस अधिकारी की स्वीकृति से लिए गये थे उक्त आदेश अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किये गये।

15.1.2 एच0पी0 सिविल सप्लाई को0 को सीमेन्ट के 100 बैग उधार देने हेतु नगर परिषद द्वारा लिखा गया मॉग पत्र तथा सीमेन्ट का बिल व 100 बैग सीमेन्ट की प्राप्ति की रसीद अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में उपरोक्त 100 बैग सीमेन्ट वास्तव में उधार भी लिए गये थे या नही या मात्र स्टॉक प्रविष्टि ही स्टॉक रजिस्टर में की गई थी की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी। अतः परिषद अभिलेख सहित उक्त तथ्यों की पुष्टि आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाने के साथ भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि न हो सुनिश्चित करें।

15.2 क्रम सख्या 2 बिल सख्या 0113027 दिनांक 7.3.08 द्वारा 200 बैग सीमेन्ट की खरीद दर्शाई गई परन्तु इन 200 बैग सीमेन्ट सहित कुल (200+180)=380 बैग सीमेन्ट की VAT-XVIII TAX invoice की क्रम संख्या 0288591 दिनांक 14.3.08 द्वारा जारी की गई इस प्रकार जब उपरोक्त 200 बैग सीमेन्ट का बिल दिनांक 7.3.08 को जारी किया गया तो VAT-XVII TAX invoice दिनांक 14.3.08 को अतः 7 दिन पश्चात जारी करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

15.3 उपरोक्त 200 सीमेन्ट बैग जी0आर0 सख्या 000033072 दिनांक 6.3.08 तथा ट्रक संख्या एच0पी0–24–5235 द्वारा प्राप्त किये दर्शाये गये थे जबकि उपरोक्त VAT-XVIII TAX invoice संख्या 0288591 दिनांक 14.3.08 द्वारा स्टॉक रजिस्टर में प्राप्त किये गये 180 सीमेन्ट के बैग किस जी0आर0 संख्या/दिनांक व ट्रक नम्बर द्वारा प्राप्त किये गये का अभिलेख अंकेक्षण में नहीं किया गया, अंकेक्षण मे उक्त अभिलेख प्रस्तुत न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए।

15.4 उपरोक्त VAT-XVIII invoice दिनाक 14.3.08 द्वारा 380 बैग सीमेन्ट की प्राप्ति व जी0पी0ए0 संख्या 0113027 दिनाक 7.3.08 द्वारा 200 बैग सीमेन्ट अतः कुल 580 बैग सीमेन्ट की प्राप्ति दर्शाई गई जबकि स्टॉक रजिस्टर में केवल 380 बैग सीमेन्ट ही दर्ज किये गये इस प्रकार (580–380) 200 बैग सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर में न दर्ज करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये।

16 सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर के रख–रखाव बारे:–

सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर संख्या 43 में अनेक कटिंग/ओवर राईटिंग की गई थी, जिनमें कुछ का विवरण निम्न प्रकार से है:–

16.1 स्टॉक रजिस्टर में दिनांक 2.4.07 को जारी किये गये सीमेन्ट के 20 बैग को ओवर राईटिंग द्वारा 10 बैग किया गया।

16.2 दिनांक 7.4.07 को जारी किये गये 22 बैग को ओवर राईटिंग द्वारा 25 बैग किया गया।

16.3 स्टॉक रजिस्टर में 25.4.07, 27.4.07, 30.4.07, 23.6.07, 20.8.07 व 13.9.07 को भी ओवर राईटिंग द्वारा दर्ज प्रविष्टियों को बदला गया था।

16.4 सीमेन्ट का नया स्टॉक रजिस्टर संख्या 55 दिनांक 18.3.08 से प्रारम्भ किया गया परन्तु प्रारम्भिक तिथि 18.3.08 को ओवर राईटिंग द्वारा बदला गया तथा गत सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर 43 के पृष्ठ 92 से उठाई गई सीमेन्ट की शेष मात्रा 205 को भी ओवर राईटिंग द्वारा लिखा गया है।

16.5 दिनांक 1.5.08 को 20 बैग सीमेन्ट को जारी किया दर्शाया गया था परन्तु बाद में 20 बैग ओवर राईटिंग द्वारा 40 बैग सीमेन्ट किया गया प्रतीत होता है।

16.6 दिनांक 13.5.08 को सीमेन्ट रजिस्टर के स्तम्भ 9 में प्राप्त कर्ता का नाम काट कर ईरशाद लिखा गया।

16.7 दिनाक 10.6.08 को सीमेन्ट रजिस्टर के स्तम्भ (Column) 6 में जारी किये गये 40 बैग सीमेन्ट को ओवर राईटिंग द्वारा 90 बैग किया गया।

16.8 सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ रजिस्टर से अलग–2 हो चुके थे। इस रजिस्टर का रख–रखाव सही ढ़ंग से नहीं किया गया। अतः सीमेन्ट जैसी महत्वपूर्ण मद के स्टॉक रजिस्टर का रख–रखाव सही ढ़ंग से न किया जाना सम्बन्धित कर्मचारी की लापरवाही दर्शाता है। अतः इस रजिस्टर का रख–रखाव उचित ढ़ंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

16.9 सीमन्ट स्टॉक रजिस्टर अवधि 4/07 से 3/2010 तक केवल दिनांक 19.6.08 को ही एक बार कार्यकारी अधिकारी द्वारा सत्यापित करवाया गया था जबकि इस रजिस्टर को कार्यकारी द्वारा नियमित रूप से सत्यापित किया जाना चाहिए था।

16.10 नियमानुसार सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर में सीमेन्ट को जारी करते समय कार्य के नाम का उल्लेख करना अपेक्षित था जो कि परिषद द्वारा सीमेन्ट रजिस्टर मे कार्य के नाम का उल्लेख नही किया गया था जिसके अभाव में सीमेन्ट की खपत का सत्यापन सम्बन्धित मापन पुस्तिका से नहीं किया जा सका। अतः परिषद सीमेन्ट रजिस्टर में सीमेन्ट को जारी करते समय कार्य का नाम जिसके लिए सीमेन्ट जारी किया गया है का उल्लेख करना सुनिश्चित करे ताकि सीमेन्ट की खपत की जांच की जा सके।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि स्टॉक रजिस्टर मे अनेक कटिंग/ओवर राईटिंग द्वारा दर्ज प्रविष्टियों को बदला गया है तथा मस्ट्रोल द्वारा किये गये कार्य मे प्रयोग किये गये सीमेन्ट की खपत को M.B. में नहीं दर्शाया गया है जिससे स्टॉक रजिस्टर में दर्शाई गई

सीमेन्ट की खपत में अनियमितताओं/दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः उच्चाधिकारियों से अनुरोध है कि अवधि 4/07 से 3/10 तक क्रय व प्रयोग (खपत) किये गये सीमेन्ट की विस्तृत जॉच विभागीय स्तर पर की जाए तथा वस्तु स्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

17 **जी0आई0 पाईपों की खरीद पर ₹16650/–के व्यय बारेः–**

माननीय मुख्यमन्त्री महोदय के नगर परिषद क्षेत्र में दिनांक 17.3.08 को जन सभा को सम्बोधित करने के कारण तथा समय–2 पर अन्य गणमान्य व्यक्तियो के नालागढ़ आगमन पर अस्थाई गेट को बार–2 लगाने के व्यय को मद्देनजर रखते हुए बार–2 अस्थाई गेट न लगा कर सदैव के लिए एक स्थाई स्वागत गेट लगाने लिए निम्नविवरणानुसार मै0 गुरु नानक हार्डवेयर एंड सैनीटरी स्टोर नालागढ़ को उनके बिल संख्या 291 दिनांक 15.3.08 (वाऊचर सख्या 67 दिनाक 21.4.08) द्वारा क्रय की गई जी0आई0 पाईपो का भुगतान किया गया।

| मात्रा | क्रय का विवरण | दर | भुगतान राशि |
|---|---|---|---|
| 10 | जी0आई0 पाईप 1" | 980 प्रति पाईप | 9800 |
| 10 | जी0आई0 पाईप ½" | 500 प्रति पाईप | 5000 |
| | | योग | 14800 |
| | | VAT | 1850 |
| | | | **16650** |

उपरोक्त व्यय के अंकेक्षण में निम्न अनियमितताऐं पाई गई।

17.1 क्रय से पूर्व आमन्त्रित निविदाऐं हस्तगत रूप से मात्र औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु प्राप्त की गई थी क्योकि निविदाओं पर "Collected by us" लिखा गया था और इस पर सम्बधित कर्मचारी श्री बलजीत सिंह वर्कस सुपर वाईजर के ही हस्ताक्षर थे।

17.2 उपरोक्त पाईपे किस ब्रांड की थी, का कोई विवरण निविदाओं व बिल मे नहीं दिया गया जिसके कारण तुलनात्मक सूची में दर्शाई गई न्यूनतम दरों की पुष्टि अभिलेख से नहीं की जा सकी। इन पाईपों का भुगतान अत्याधिक दरों से किया गया प्रतीत होता है भुगतान Branded Co. की superior quality की पाईपों के लिए किया गया।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि निविदाओं और बिल में पाईपों का ब्रांड नही लिखा गया था जिस कारण बाजार प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया

17.3 इन पाईपों का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसे आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

17.4 स्थाई गेट बनाने के लिए क्रय की गई उक्त पाईपों से कौन सा गेट किस स्थान पर लगाया गया इस बारे अभिलेख में कोई विवरण नही दिया गया तथा इसमें अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता है। अतः कार्यकारी अधिकारी जॉच करके सत्यापित करें कि उक्त गेट नगर परिषद के किस स्थान पर स्थापित किया गया है तथा इसे स्थाई रजिस्टर में दर्ज किया जाना सुनिश्चित करें। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

18 **वाउचर सख्या 26/08 माह 1/2008 राशि ₹56100/—**

उपरोक्त वाउचर द्वारा श्री सुरजीत सिंह, ठेकेदार को नगर परिषद क्षेत्र में सड़कों के किनारे पड़ी मिट्टि जे0सी0बी0 से उठाने के लिए 11.4.07 से 17.4.07 व रैहन बसेरा भवन के सामने की मिट्टी व पत्थर उठाने के लिए दिनांक 9.9.07 से 16.9.07 तक क्रमशः 42 व 60 घन्टों का ₹550/—प्रति घन्टें की दर से ₹56100/—का भुगतान किया गया। उक्त भुगतान के अंकेक्षण में निम्न अनियमितताऐं पाई गईः—'

उपरोक्त सड़कों व रैहन बसेरा के सामने से कुल कितनी घन मीटर मिट्टी उठाई गई, इसका अनुमान तैयार नहीं किया गया था और न ही इस कार्य को M.B. में दर्ज किया गया तथा इस कार्य की कोई गणना नही की गई थी।

18.1 नगर परिषद में कनिष्ठ अभियन्ता की नियमित तैनाती के बावजूद इस मिट्टी उठाने के कार्य को जिस—2 तिथियों को जितने घन्टें किया गया था, को कनिष्ठ अभियन्ता से सत्यापित न करवा कर वर्क सुपरवाइजर जिस के द्वारा उक्त कार्य करवाया गया, से ही सत्यापित करवा कर पारित कर दिया गया जो कि नियमों के विपरीत हैं। अतः इस बिल को कनिष्ठ अभियन्ता से सत्यापित न करवाने व कार्य का अनुमान तैयार न करने व इसे M.B. में दर्ज न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा राशि की वसूली करना सुनिश्चित करें।

18.2 रैहन बसेरा भवन के सामने मिट्टी उठाने के ठेकेदार को दिनांक 20.4.07 के ₹23100/—की राशि के बिल का माह 1/2008 में 9 माह पश्चात भुगतान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

18.3 उपरोक्त कार्य के निष्पादन के लिए नगर परिषद के प्रस्ताव को अंकेक्षण मे प्रस्तुत नही किया गया जिसे आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

19 **वाऊचर संख्या 34/08 माह 1/08 राशि ₹9625/—**

**रैहन बसेरा भवन में P.V.C बिनाइल फलोरिंग का कार्य करवाने बारेः—**

उपरोक्त वाऊचर द्वारा मै0 (मिनी) अग्रवाल फर्निशरज एस0सी0ओ 168 सेक्टर 34—डी चण्डीगढ को उनके बिल संख्या 246 दिनांक 10.10.07 द्वारा रैहन बसेरा भवन मे 625 Sq.P.V.C बिनाईल फ्लोरिंग लगाने के लिए 625x@14 Per Sqfeet= 8750+10% VAT=8750+875=₹9625/— का भुगतान किया गया परन्तु अभिलेख में उक्त बिनाइल फ्लोरिंग किन—2 कमरों में कितने फुट लगाई इसका कोई विवरण अभिलेख में नही दिया गया था और न ही इसे M.B में दर्ज किया गया जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा राशि की वसूली करने के उपरान्त परिषद निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

20 **तारकोल के ट्रक के भाड़े के लिए किये गये ₹6200/—के भुगतान बारेः—**

वाउचर संख्या 36/08 माह 1/08 द्वारा 120 तारकोल के ड्रम परवाणू से नालागढ तक लाने के लिए परवाणू यूनियन को 2 ट्रको के किराये के रूप मे (3100+3100)

S18—

₹6200/—का भुगतान किया गया परन्तु यूनियन द्वारा जारी की गई जी0आर0 अंकेक्षण मे प्रस्तुत नहीं की गई जिस के अभाव में किराय की राशि की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः सम्बन्धित जी0आर0 आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 21 इन्दिरा अनाज मण्डी नालागढ़ के समीप वाईन शॉप के निर्माण कार्य में ₹897/—का अधिक भुगतानः—

(वाउचर संख्या 29/10 माह 1/2010)

उपरोक्त कार्य की M.B. संख्या 1/60 के पृष्ठ 3 पर मद संख्या 4 (Providing from work with steel plates (1) in foundation footing basis of column etc. and mass Conc.) में किये गये कार्य की मात्रा कायोग 120.90 $m^3$ के स्थान पर 126.90 $m^3$ लिया गया जिस कारण (6.90 $m^3$x130)=₹897/—का अधिक भुगतान ठेकेदार श्री गुरदीप सिंह को किया गया। अतः उक्त राशि की वसूली ठेकेदार से शीध्र की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करें।

## 22 वाऊचर संख्या 31, माह 1/2010 राशि ₹178207/—के भुगतान बारेः—

उपरोक्त वाऊचर द्वारा "Repair and maintence of road from Ram Shehar road to M.C. park in ward No. 6& 7" के कार्य के लिए श्री गुरदीप सिंह ठेकेदार को (417978—239771)=₹178207/—का भुगतान किया गया। इस कार्य के लिए 16 तारकोल के ड्रम दर ₹5000/—प्रति ड्रम से ठेकेदार से 80,000 की वसूली की गई। परन्तु तारकोल का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया। अपेक्षित स्टॉक रजिस्टर अभिलेख सहित आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 23 सीमेन्ट की खरीद पर ₹193070/—के व्यय बारेः—

निम्न वाऊचरों द्वारा प्रबन्ध निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य सिविल सप्लाई को0 शिमला को सीमेन्ट की खरीद के लिए भुगतान किया गया था।

| वा0सं0 | दिनांक | राशि |
|---|---|---|
| 22 | 1/2010 | 181430 |
| 23 | 1/2010 | 11640 |
| | | 193070 |

उपरोक्त सीमेन्ट के लिए माह 1/2010 की नस्ति वाऊचर के साथ न संलग्न करके अलग नस्ति में रखे गये थे और बिलों को किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था अतः इन बिलो को सत्यापित न करने के कारणो को स्पष्ट किया जाए भविष्य

में सीमेन्ट के अग्रिमों के समायोजन के समय समस्त बिलों को सत्यापित करना सुनिश्चित करें।

24 लॉग बुकः–

डम्पर प्लेसर एच0पी0 12–9792

डम्पर प्लेसर की अवधि 4/07 से 3/10 तक की लॉग बुक के अंकेक्षण के दौरान निम्न अनियमितताऐं पाई गई जिसका शीघ्र समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**लॉग बुक में अवधि 1.4.07 से 31.3.10 तक दर्शाई गई ₹3.03 लाख की डीजल की खपत को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित/हस्ताक्षरित नहीं किया जानाः–**

लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि अवधि 1.4.07 से 31.3.10 तक लॉग बुक में 59925 K.M. की यात्रा/स्पीडो मीटर की रीडिंग के आधार पर दर्शाई गई इसकी 6.95 K.M. प्रति लीटर की औसत से ईंधन की खपत 8622 लिटर बनती है। जिसकी राशि मार्च 2010 की डीजल की दर ₹35.10 प्रति लिटर की दर से ₹302642/–बनती है परन्तु उक्त अवधि की लाग बुक को किसी भी अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था जबकि नियमानुसार लॉग बुक को नियन्त्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाना अनिवार्य है। अतः लॉग बुक के सत्यापन के बिना राशि ₹302642/–के डीजल के व्यय को अंकेक्षण में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अतः परिषद लॉग बुक को सत्यापित न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए सत्यापित करना सुनिश्चित करें।

24.1 लॉग बुक में प्रतिदिन के डीजल की खपत व शेष डीजल न दर्शाया जानाः–

डम्पर प्लेसर का उपयोग विभिन्न वार्डो से कूड़ा उठा कर डम्पिंग स्थान तक ले जाने के लिए किया गया परन्तु लॉग बुक में विभिन्न वार्डो से डम्पिग साईट तक की प्रति चक्र की दूरी नहीं दर्शाई गई थी और न ही लॉग बुक में प्रतिदिन की डीजल की खपत दर्शाई गई और न ही शेष डीजल निकाला गया। अतः लॉग बुक की विभागीय जॉच करवाकर प्रति चक्कर कुल खपत व प्रयुक्त डीजल व शेष डीजल की गणना करना सुनिश्चित किया जाए।

24.2 वाहनों की तेल खपत निश्चित न किया जानाः–

डम्पर प्लेसर की लॉग बुक मे औसत तेल खपत प्रत्येक माह भिन्न–2 दर्शाई गई जिसके कुछ प्रकरण निम्न प्रकार से हैः–

| माह | औसत तेल खपत |
|---|---|
| 4/07 | 6.32 |
| 6/07 | 7.94 |
| 7/07 | 8.84 |
| 8/07 | 6.18 |
| 12/07 | 8.77 |

| | |
|---|---|
| 1/08 | 6.66 |
| 7/08 | 7.9 |
| 10/08 | 8.8 |
| 12/08 | 6.1 |
| 5/09 | 9.10 |
| 6/09 | 6.51 |
| 3/10 | 6.52 |

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि डम्पर प्लेसर की औसत तेल माह 5/09 में 9.10 K.M. प्रति लीटर दर्शाई गई थी तो अगले माह 6/09 में 6.51 K.M. प्रति लीटर दर्शाई गई जबकि प्रत्येक माह एक ही कार्य विभिन्न वार्ड से डम्पींग साईट तक कूड़ा फैंका गया। इस प्रकार एक ही कार्य एवं एक सी दूरी के लिए लॉग बुक में अलग–2 तेल खपत दर्शाया जाना एक गम्भीर अनियमितता है जिसकी जॉच की जाए। वास्तविक खपत से कम दर्शाई गई तेल खपत की भरपाई सम्बन्धित कर्मचारी से शीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए।

24.2.1 नियमानुसार वाहन की औसत तेल खपत प्रत्येक वर्ष निश्चित की जानी अपेक्षित है। चालक को एक वर्ष या अगले टेस्ट चैंक तक जो भी पहले हो, तक इस औसत का बनाये रखा जाना चाहिए। अगर निश्चित औसत से खपत कम पाई जाती है तो इसकी वसूली सम्बन्धित कर्मचारी से की जानी थी या इसको लॉग बुक में दर्ज किया जाना था। अतः नियमों के अन्तर्गत अपेक्षित कार्यवाही न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अपेक्षित कार्यवाही शीघ्र की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करें।

24.3 **लॉग बुक में स्पीडों मीटर द्वारा दर्शाई गई रीडिंग में कटिंग/ओवर राईटिंग किया जानाः–**

लॉग बुक के पृष्ठ 64 से 71 तक स्पीडो मीटर द्वारा बदला गया था। दिनांक 30.3.09 से 2.5.09 तक की मीटर रीडिंग को कटिंग/ओवर राईटिंग द्वारा लिखा गया था जबकि नियमानुसार लॉग बुक स्पीडो मीटर की रीडिंग के अनुसार ही भरी जानी अपेक्षित थी। इस प्रकार लगातार 2 माह की लॉग बुक में मीटर रीडिंग को कटिंग द्वारा बदला जाना सन्देहस्पद है। अतः इस प्रकरण की जॉच की जाए तथा वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करें।

## 24.4 ट्रैक्टर (संख्या एच0पी0ए0–7792)

उपरोक्त ट्रैक्टर की लॉग बुक के कालम 4 व 5 जिसमें किस स्थान से किस स्थान की यात्रा की गई को दर्शाया जाना अपेक्षित है नहीं भरा गया था जिसके अभाव मे लॉग बुक मे दर्शाई गई यात्राओं की जॉच नहीं की जा सकी। अतः भविष्य में लॉग बुक के कालम 4 व 5 भरे जाने सुनिश्चित किये जाए तथा अनुपालना से इस विभाग से अवगत करें।

